हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 13 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 25. 0 डिग्री


महामंडलेश्वर राजेश्री रामसुंदर दास ने मां भगवती मंदिर में किए दर्शन-पूजन

4



नैला में अमेरिका के अक्षरधाम की झलक, लाईटिंग ऐसी मंदिर के बाहरी आवरण में भी माता के साथ देवी-देवताओं के भी हो रहे दर्शन







खबर संक्षेप

जिले के 1006 मतदान केंद्रों पर लगाए जाएंगे विशेष शिविर

जांजगीर-चांपा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जन्मेजय महोबे के मार्गदर्शन में जिले के प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जिले के 1006 मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। इसके साथ ही जिले के विभिन्न स्कूलों व कॉलेजों में 17 प्लस छात्र-छात्राओं से संपर्क कर मतदाता सूची में नाम जोड़ा जा रहा है। यदि किसी पात्र मतदाता को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, नाम में संशोधन कराने अथवा निर्वाचन संबंधी कोई शिकायत या समस्या है, तो वे जिले के बूथ लेवल अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

शहनाज अख्तर की भक्ति संध्या एक शाम माँ के नाम 16 को

जांजगीर-चांपा। नवरात्रि के पावन अवसर पर हरि लीला ट्रस्ट, बनारी द्वारा भक्ति राग जांजगीर—एक शाम माँ के नाम' में केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। 16 अक्टूबर, शुक्रवार को शाम 7 बजे से जांजगीर के हाई स्कूल मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर अपनी भक्तिमय प्रस्तुतियां देंगी। आयोजन में क्षेत्रीय सांसद कमलेश जांगड़े, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, विधायक व्यास कश्यप, अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह और जिला भाजपा अध्यक्ष अम्बेश जांगड़े उपस्थित रहेंगे।

सेवा सेतु शिविर में दिव्यांग को मिली मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल

जांजगीर-चांपा। सेवा संकल्प अभियान के तहत तहसील नवागढ़ अंतर्गत ग्राम सेमरा में आयोजित सेवा सेतु शिविर ग्राम निवासी श्रीमती वनदेवी कर्ष के लिए खुशियों की नई सौगात लेकर आया। शिविर में उन्हें मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान की गई, जिससे उनके लिए आवागमन आसान और सुविधाजनक होगा। मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल मिलने से श्रीमती वनदेवी कर्ष को दैनिक जीवन के आवश्यक कार्यों के लिए आने-जाने में सहूलियत मिलेगी। अब वे पहले की तुलना में अधिक सहजता से अपने जरूरी कार्य पूरे कर सकेंगी और आवागमन के लिए दूसरों पर निर्भरता भी कम होगी। यह सुविधा उनके लिए केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

युवक पर जानलेवा हमलाकर फरार होने वाला मुख्य आरोपी पकड़ाया

जांजगीर-चांपा। पूर्व विवाद को लेकर चाकू एवं बेसबॉल स्टिक से प्राणघातक हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पामगढ पुलिस मिली जानकारी के अनुसार 15 सितंबर गाय को मारकर भागने की बात को लेकर हुए विवाद में मारपीट की घटना हुई थी, जिसमें इसी विवाद को लेकर 16 सितंबर की रात करीब 8:15 बजे प्रार्थी कमलेश यादव अपने दोस्त गोलू उर्फ संजय मिरी के साथ मोटरसाइकिल से पामगढ़ की ओर आ रहा था। चण्डीपारा मेन रोड स्थित यासनी मंजिल के पास आकाश जायसवाल, रितेश जायसवाल एवं मुक्कु यादव ने उनका रास्ता रोककर गाली-गलौज करते हुए विवाद शुरू कर दिया। इसी दौरान मुख्य आरोपी आकाश जायसवाल ने चाकू से गोलू उर्फ संजय मिरी पर वार किया। घटना की रिपोर्ट पर थाना पामगढ़ में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

आठ में से पांच पर एडमिशन, तीन सीटें अभी भी रिक्त

मेडिकल कॉलेज में एडमिशन, नहीं भरी सेंट्रल की पूरी सीट, बढ़ानी पड़ी काउंसिलिंग की तिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर चांपा जिले में शुरू हुए 50 सीट वाले मेडिकल कॉलेज में सेंट्रल की 8 सीटो पर एडमिशन के लिए बीते सप्ताहभर से काउंसिलिंग की प्रक्रिया चल रही है। खास बात यह है कि सप्ताहभर में पांच सीटों पर एडमिशन हुआ है, जबकि तीन सीटें अभी भी रिक्त है। ऐसे में शेष सीटों पर एडमिशन के लिए काउंसिलिंग की तिथि 15 अक्टूबर तक बढ़ाई गई है।

गौरतलब है कि जिले में बहुप्रतीक्षित मेडिकल कॉलेज खुलने के साथ डॉक्टरी की पढ़ाई भी शुरू हो चुकी है। खास बात यह है कि 50 सीट वाले कॉलेज में 42 विद्यार्थियों का एडमिशन पूरा हो चुका है जिनमें से रोजाना 40 से अधिक क्लास अटेंड भी कर रहे है, जबकि बाकी के सीटों पर एडमिशन के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया सोमवार 5 अक्टूबर से प्रारंभ हुई है। बताया जाता है कि सेंट्रल कोटे के 8 सीटों पर एडमिशन के लिए सप्ताहभर से काउंसिलिंग प्रक्रिया चली। इस दौरान पांच सीटों पर एडमिशन हुआ, जबकि तीन सीटें नहीं भर सकी। मेडिकल कॉलेज से मिली जानकारी के अनुसार सेंट्रल कोटे की सीटों पर एडमिशन के लिए काउंसिलिंग की अंतिम तिथि पूर्व में शुक्रवार 9 अक्टूबर निर्धारित थी, लेकिन इस तिथि तक पूरी सीटें नहीं भरने की स्थिति में काउंसिलिंग की तिथि अब 15 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। इधर राज्य कोटे सो 42 छात्र-छात्राओं का एडमिशन पूरा होने के साथ सेंट्रल कोटे से भी 8 में से पांच सीटों पर एडमिशन होने के बाद क्लास में पढ़ाई शुरु हो गई है, जहां 40 से अधिक छात्र-छात्राएं डॉक्टरी की पढ़ाई करने नियमित क्लास अटेंड कर रहे है। वहीं शेष रिक्त तीन सीटों को भरने काउंसिलिंग की तिथि बढ़ाई गई है।



मेडिकल की पढ़ाई करते छात्र छात्राएं।

पटरी पर आने लगी पढ़ाई

जिले में संचालित मेडिकल कॉलेज में राज्य कोटे के एडमिशन के साथ ही डॉक्टरी की पढ़ाई की शुरूआत बीते सितंबर माह से शुरू हो गई है। तकरीबन माह भर से चल रही पढ़ाई भी अब पटरी पर आने लगी है। हालांकि कॉलेज में काउंसिलिंग और एडमिशन की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही शुरूआती दौर पर हुई फांउडेशन कोर्स की पढ़ाई में छात्र छात्राओं की उपस्थिति कम रही, जो कि अब कोटे के अनुरूप एडमिशन की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही बढ़ते क्रम में है। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन के मुताबिक जितने बच्चों का एडमिशन हुआ है वे क्लास अटेंड कर रहे है। प्रक्रिया पूरी होने के साथ सभी की उपस्थिति सुनिश्चित होगी।

बढ़ाई गई तिथि

केंद्रीय कोटे के सीट में एडमिशन को लेकर काउंसलिंग तिथि बढ़ाई गई है अभी 5 सीट पर भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली गई है बाकी सीट पर भी जल्द भर्ती कर ली जाएगी।

-डॉ.ओंकार कश्यप,
अधीक्षक
मेडिकल कॉलेज जांजगीर

सड़क से बेकाबू होकर खेत पर पलटी कार एक युवक की मौके पर मौत, 2 घायल

पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसो की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसो के पास बिलासपुर-पामगढ़-शिवरीनारायण मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नाले के किनारे पलट गई। इस हादसे में कार सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम पश्चात परिजन को सौंप दिया गया है।

इस संबंध में पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार देर रात करीब 12 बजे जय कुमार साहू अपने दो साथियों के साथ कार से निकला था। इस दौरान तीनों युवकों को सड़क किनारे एक लावारिस कुत्ता दिखाई दिया। युवकों ने मानवता का परिचय देते हुए कुत्ते को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का निर्णय लिया। इसके बाद तीनों उसे कार में बैठाकर बिलासपुर स्थित पशु केंद्र पहुंचे, जहां कुत्ते को छोड़ने के बाद वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सोमवार तड़के करीब 4 बजे ग्राम भैंसो के पास उनकी कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क से उतरकर नाले के किनारे पलट गई।



हादसे के बाद खेत में पलटी कार।

हादसा इतना गंभीर था कि कार की पिछली सीट पर बैठे जय कुमार साहू की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कार चला रहे खरौद निवासी चिन्ना देवगन और आगे की सीट पर बैठे गिधौरी निवासी अभय अवस्थी को मामूली चोटें आईं। दोनों युवक हादसे में बाल-बाल बच गए। घटना के बाद आसपास के लोगों को दुर्घटना की जानकारी मिली। बताया जा रहा है कि मृतक जय कुमार साहू ने महज एक-दो दिन पहले ही सेकंड हैंड कार खरीदी थी। नई खरीदी गई कार से वह अपने दोस्तों के साथ बिलासपुर गया था, लेकिन घर लौटने के दौरान हुए हादसे ने उसकी जान ले ली। अचानक हुई इस घटना से मृतक के परिवार में मातम पसर गया है। परिजनों को जैसे ही हादसे की जानकारी मिली, वे स्तब्ध रह गए। हादसे के समय कार खरौद निवासी चिन्ना देवगन चला रहा था, जबकि गिधौरी निवासी अभय अवस्थी आगे की सीट पर बैठा हुआ था। जय कुमार साहू कार की पिछली सीट पर सवार था। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कार किस वजह से अनियंत्रित हुई। घटना की सूचना मिलने पर पामगढ़ थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटना के संबंध में जानकारी जुटाई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के पश्चात परिजनों को सौंप दिया गया।

पार्षद पर शासकीय भूमि पर कब्जे का आरोप, जांच की मांग

शिवरीनारायण। नगर पंचायत के एक वार्ड की पार्षद और उनके परिवार पर शासकीय भूमि पर अतिरिक्त कब्जे और भूमिहीन योजना का लाभ लेने के लिए शपथपत्र देने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से शिकायत की गई है।

शिकायत में कहा गया है कि भोगहापारा क्षेत्र की शासकीय भूमि पर राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत मिले पट्टे से अधिक क्षेत्र पर बाउंड्रीवाल कर कब्जा किया गया है। राजस्व निरीक्षक के 2022 के प्रतिवेदन में अतिरिक्त भूमि पर घेराव और फर्नीचर कार्य का उल्लेख है। साथ ही परिवार के सदस्यों द्वारा भूमिहीन योजना के लिए शपथपत्र देने पर सवाल उठाया गया है, जबकि परिवार के नाम पर भूमि, मकान, बिजली कनेक्शन और कर भुगतान के दस्तावेज मौजूद हैं। शिकायतकर्ता ने राजस्व, नगर पंचायत और विद्युत विभाग के अभिलेखों की जांच और कार्रवाई की मांग की है। मामले में तहसीलदार ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

टेल एरिया में सिंचाई का संकट, किसानों के बीच बढ़ रहा विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत टेल एरिया में आने वाले ग्राम पंचायत कुरियारी में सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिलने से किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। खेतों तक पानी नहीं पहुंचने की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने सरपंच को बुलाकर सामूहिक बैठक आयोजित की।

बैठक में किसानों ने नहर से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने और खेतों में सिंचाई की समस्या को दूर करने के संबंध में चर्चा की।



किसानों का कहना है कि यदि समय रहते पानी नहीं मिला तो उनकी फसलें सूखने के कगार पर पहुंच सकती हैं। ग्राम पंचायत कुरियारी में आयोजित बैठक में सरपंच ने किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि निर्धारित समय पर गांव के खेतों तक सिंचाई के लिए पानी नहीं पहुंचता है, तो किसान कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपेंगे। इसके साथ ही संबंधित नहर विभाग के एसडीओ के खिलाफ नारेबाजी कर अपनी नाराजगी जाहिर करने की चेतावनी भी दी गई। यदि नहर से पर्याप्त पानी नहीं मिलता है, तो किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

फगुरम सहकारी समिति में लाखों का गड़बड़झाला, कलेक्टर से हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ फगुरम

सेवा सहकारी समिति मर्यादित फगुरम में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं और लाखों रुपए के गबन का मामला सामने आया है। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने की है। ग्राम बोड़ासागर के सरपंच विष्णु कांत जायसवाल, एवं ग्रामीणों ने इस संबंध में सक्ती कलेक्टर को लिखित शिकायत सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, विशेष ऑडिट और दोषियों के खिलाफ FIR दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के अनुसार समिति के तत्कालीन अध्यक्ष और प्रबंधक ने अन्य संबंधित कर्मचारियों के साथ मिलीभगत कर समिति के बैंक खातों से नियम विरुद्ध राशि निकाली है। आरोप है कि फर्जी बिल और वाउचर तैयार कर विभिन्न मदों के नाम पर राशि का गबन किया गया। करीब 330 नए किसानों से खाद एवं बीज ऋण के लिए हिस्सा राशि के रूप में लगभग 3 लाख 40 हजार रुपए वसूले गए, लेकिन यह राशि समिति के बैंक खाते में जमा ही नहीं की गई और किसानों को बिना सील और बिना सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर वाली रसीदें थमा दी गईं।इसी तरह समिति में कार्यरत कर्मचारियों को वेतन का भुगतान न करते हुए फर्जी बिलों के माध्यम से 12 लाख 75 हजार रुपए से अधिक की राशि का आहरण कर गबन किया गया है। इसके अलावा सेविंग खाते से भंडारण, साफ-सफाई, कंप्यूटर-प्रिंटर, तिरपाल, टेंट और 185 ट्रॉली मुरुम के नाम पर भी राशि निकाली गई है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि समिति में कर्मचारी न होने के बावजूद अनाधिकृत व्यक्ति को रखा गया था, जिसने किसानों से लाखों रुपए की शेयर राशि वसूल कर फर्जी पावती प्रदान की।सरपंच ने कलेक्टर से मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वतंत्र जांच समिति का गठन कर बैंक खाते, कैशबुक, लेजर, बिल-वाउचर, रसीद पुस्तिका और स्टॉक रजिस्टर का विशेष ऑडिट और भौतिक सत्यापन कराया जाए तथा दोषियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

अस्पताल संचालकों एवं चिकित्सकीय स्टाफ को मरीज को उचित उपचार करने दिए निर्देश

डभरा एवं मालखरौदा विकासखंड के निजी अस्पतालों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा निजी चिकित्सालयों में नर्सिंग होम एक्ट के तहत औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं एवं निर्धारित मानकों का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल संचालकों एवं चिकित्सकीय स्टाफ को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक मरीज को उचित एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए।

जिले के विकासखंड डभरा एवं मालखरौदा अंतर्गत संचालित निजी चिकित्सालयों का जिला स्तरीय नर्सिंग होम एक्ट निरीक्षण दल द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दल द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंद्रपुर, लक्ष्मी केयर हॉस्पिटल डभरा, ओजस हॉस्पिटल डभरा, पार्थ क्लिनिक डभरा, डॉ मनोज डनसेना क्लिनिक डभरा, हरि मेडी सेंटर डभरा, आस्था हॉस्पिटल घोघरी, मिशन हॉस्पिटल मालखरौदा आदि निजी चिकित्सालयों में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, मरीजों के उपचार की व्यवस्था तथा नर्सिंग होम एक्ट के तहत निर्धारित अस्पताल मापदंडों एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया गया। निरीक्षण दल द्वारा अस्पताल संचालकों एवं चिकित्सकीय स्टाफ को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक मरीज को उचित एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए। साथ ही मरीजों एवं उनके परिजनों को बीमारी, उपचार तथा आवश्यक सावधानियों के संबंध में उचित चिकित्सकीय सलाह एवं जानकारी प्रदान की जाए। जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत संचालित निजी चिकित्सालयों को योजना के प्रावधानों का सही एवं पारदर्शी तरीके से पालन करने के निर्देश दिए गए। पात्र हितग्राहियों को योजना का वास्तविक लाभ उपलब्ध कराने तथा योजना के अंतर्गत किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा दुरुपयोग नहीं करने की सख्त चेतावनी दी गई। अस्पताल संचालकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि शासन की योजनाओं का उद्देश्य आमजन को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। अतः पात्र मरीजों को योजना के लाभ से वंचित नहीं किया जाए। योजना के प्रावधानों के विपरीत किसी भी प्रकार की गतिविधि पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जिला स्वास्थ्य विभाग, सक्ती द्वारा निजी चिकित्सालयों के निरीक्षण की कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।



निरीक्षण के दौरान मरीज से चर्चा करते अधिकारी।



Rera no.
PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in

A PROJECT BY
ORA MAKERS
Own your real asset.

New Town

Own it!

बड़े दिल वालों की
बड़ी दुनिया और बेहतर लोकेशन



- Majestic Grand Entrance Gate
- Modern Garden Living
- Elegant Clubhouse
- Attractive Waterbodies
- Lavish Swimming Pool with Kids' Pool
- Fully Equipped Gymnasium
- Indoor & Outdoor Games
- Yoga, Meditation & Jogging Spaces

Navratri Special Offer

Spin Wheel Bonanza

Compulsory Gift On Every Booking & Site Visit...



* T&C Apply

2, 3, 4, 5 BHK INDEPENDENT BUNGALOWS & PREMIUM PLOTS


Actual Photograph


Actual Photograph


Actual Photograph


Actual Photograph

Scan this QR code for Location

New Town, Beside Kanan Pendari Zoological Garden,
Sakri, Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)

newtown.bsp@gmail.com | www.newtownbsp.com | Follow us

Call: +91 98931 13444, 98931 28333

एक TOWN बड़े दिल वालों का



जेलर 2 का विदेशों में जलवा रिलीज से पहले कमाए करोड़ों

मुंबई। 'जेलर 2' ने एडवांस बुकिंग के जरिए दुनियाभर में 22 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर ली है। खास बात यह है कि भारत में फिल्म की एडवांस बुकिंग अभी पूरी तरह से शुरू भी नहीं हुई है। 'जेलर 2' को सबसे ज्यादा फायदा उत्तरी अमेरिका, खासकर अमेरिका से मिल रहा है। इसके अलावा संयुक्त अरब अमीरात , ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप में भी फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। रिलीज से चार दिन पहले तक रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' ने दुनियाभर में एडवांस बुकिंग से 22.32 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। इसमें सबसे ज्यादा कमाई विदेशों से हुई है। विदेशी बाजारों से फिल्म को 17 करोड़ रुपए से ज्यादा मिले हैं। घरेलू मार्केट में फिल्म ने अब तक 5.32 करोड़ रुपए कमाए हैं।

लाइफ Style

जाह्नवी

नंगे पैर मां नैना देवी के दर्शन कर रखा व्रत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

खूबसूरत वादियों से घिरा सरोवर नगरी नैनीताल इन दिनों बॉलीवुड सितारों की मौजूदगी से गुलजार है। मशहूर अभिनेत्री जाह्नवी कपूर और रिया चक्रवर्ती अपनी आने वाली नई थ्रिलर-रोमांटिक फिल्म 'पीएन 36' की शूटिंग के सिलसिले में यहां डेरा डाले हुए हैं।

पहाड़ों की शांत फिजाओं, बदलते मौसम और खूबसूरत झीलों के बीच फिल्म की शूटिंग जोर-शोर से चल रही है। दोनों अभिनेत्रियों के शहर में होने से स्थानीय लोगों और पर्यटकों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। रविवार को नवरात्रि के पहले दिन जाह्नवी कपूर पूरी तरह भक्ति भाव में डूबी नजर आईं। उन्होंने नवरात्रि का व्रत रखा और अपने होटल से करीब 150 मीटर पैदल चलकर प्रसिद्ध मां नयना देवी मंदिर पहुंचीं। दोपहर ठीक 12:45 बजे जाह्नवी अपने सुरक्षा कर्मियों के साथ बेहद सादे लिबास में पार्किंग से नंगे पैर मंदिर परिसर में दाखिल हुईं। उन्होंने मां की विधिवत आरती उतारी और विशेष पूजा-अर्चना की। इसके बाद जाह्नवी ने मंदिर परिसर का भ्रमण किया और शिवलिंग पर जल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। फिल्म 'पीएन 36' की शूटिंग शहर के कई खूबसूरत कोनों में की जा रही है। जाह्नवी और रिया ने नैनीताल के बदलते मौसम, बारिश और बादलों के सुहावने माहौल के बीच फिल्म के एक खास रोमांटिक गाने के दृश्य शूट किए। 10 अक्टूबर को दोनों अभिनेत्रियों ने नैनीताल के स्विस होटल में अहम सीन फिल्माए। इसके अलावा नैनीताल से बाहर स्थित होटल 'नमः'में भी फिल्म के कुछ हिस्से कैमरे में कैद किए गए हैं।



हॉलीवुड मसाला



वीडियो गेम पर आधारित है
स्ट्रीट फाइटर

लॉस एंजिल्स। विद्युत जामवाल की हॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' भारत में 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। अब देखना होगा कि हॉलीवुड के बड़े कलाकारों के साथ विद्युत जामवाल का एक्शन अवतार भारतीय दर्शकों को कितना पसंद आता है। जापानी-अमेरिकी डायरेक्टर किताओ सकुराई के डायरेक्शन में बनी 'स्ट्रीट फाइटर' इसी नाम की मशहूर वीडियो गेम सीरीज पर आधारित है। फिल्म में नोआ सेंटिनियो केन मास्टर्स, एंड्रयू कोजी रयू और जेसन मोमोआ ब्लैंका के किरदार में नजर आएंगे।




अमेरिकन आइडल में दिख चुके कैलिब को उम्रकैद

लॉस एंजिल्स। 'अमेरिकन आइडल' में नजर आ चुके ओहायो में रहने वाले 40 वर्षीय कैलिब फ्लिन को कोर्ट ने बिना पैरोल के उम्रकैद की सजा दी है। पिछले हफ्ते जूरी ने उन्हें अपनी पत्नी एश्ले फ्लिन की हत्या का दोषी ठहराया था। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, कैलिब ने फरवरी में अपने घर में हुई पत्नी की हत्या को चोरी की घटना दिखाने की कोशिश की थी। उन्होंने दावा किया था कि घर में घुसे एक चोर ने उनकी पत्नी एश्ले फ्लिन की हत्या कर दी। एश्ले 37 साल की थीं और स्कूल टीचर होने के साथ-साथ वॉलीबॉल कोच भी थीं। कैलिब 2013 में 'अमेरिकन आइडल' में नजर आए थे। उस दौरान उन्होंने बताया था कि उनकी पत्नी एश्ले ने उन्हें सिंगिंग कॉम्पिटिशन में अपने सपने पूरे करने के लिए प्रोत्साहित किया था।



अंजलि ने बयां किया बदनामी का दर्द


नई दिल्ली। सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर अंजलि अरोड़ा की पिछले महीने फिल्म 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' रिलीज हुई। इस फिल्म में अंजलि अरोड़ा ने माता सीता का रोल अदा किया है। फिल्म सिनेमाघरों में नहीं चल पाई। 'महाकाव्य श्री रामायण कथा' थिएटर्स में अता पता लापता हो गई। फिल्म की रिलीज से पहले अंजलि अरोड़ा की कास्टिंग पर भी जमकर बवाल हुआ था। सोशल मीडिया यूजर्स ने अंजलि को माता सीता के रोल में कास्ट करने पर सवाल खड़े किए थे। लोगों ने उनकी इमेज को लेकर उन्हें खूब ट्रोल भी किया था। सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग और आम जिंदगी में मिली बदनामी के बारे में अपना दर्द बयां करते हुए अंजलि अरोड़ा के आंसू छलक पड़े। अंजलि कहती हैं कि उनकी कास्टिंग पर सवाल उठाते हुए लोगों ने गंदी-गंदी बात कही।



दशरथ के चरणों में राम ने झुकाया सिर

मुंबई। 'रामायण' में नए पोस्टर्स में रणबीर कपूर भगवान राम के रूप में दो दृश्यों में नजर आ रहे हैं, जिनमें उनके पिता राजा दशरथ (अरुण गोविल) भी शामिल हैं। यह जानकारी मेकर्स द्वारा लारा दत्ता को कैकेयी और शीबा चड्ढा को मंथरा के रूप में पेश किए जाने के एक दिन बाद सामने आई है। जारी किए गए पोस्टर में में रणबीर कपूर भगवान राम के रूप में और अरुण गोविल राजा दशरथ के रूप में नजर आ रहे हैं। पहले पोस्टर में राम के वनवास के पहले की झलक देखने को मिलती है, जहां वनवास में जाने से पहले राम अपने पिता राजा दशरथ के सामने झुककर प्रणाम करते हुए दिख रहे हैं, जबकि दूसरे में वे ज्येष्ठ पुत्र होने के नाते अपने पिता की अस्थि विसर्जित करते हुए दिखाए गए हैं। पोस्टर जारी करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा- 'एक पिता, जो अपने वादे से बंधा है।

टीवी मसाला



नवरात्रि : रश्मि और तोरल ने बताया शक्ति का सही मतलब

मुंबई। नवरात्रि का पर्व नारी शक्ति की आराधना और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक रहा है। हालांकि, वर्तमान दौर की व्यस्त और प्रतिस्पर्धी जिंदगी में एक स्त्री के लिए असल 'शक्ति' के मायने बदले हैं। कभी यह शक्ति अपनी सीमाओं को तय करने के लिए मजबूती से 'ना'कहना हो सकती है, तो कभी सभी के सामने असफलता को स्वीकार करना या कभी हर दबाव में अपनी बात बेबाकी से रखना? ऐसे में छोटे पर्दे की कुछ अभिनेत्रियां बता रही हैं उनके लिए शक्ति के सही मायने। धारावाहिक 'सयोनी' में माया की भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री रश्मि देसाई कहती हैं, 'मेरे लिए शक्ति का मतलब है कि अपनी बात कह पाना और अपने निर्णयों की जिम्मेदारी लेना। हर बार हां, कहना आवश्यक नहीं होता है। अपने करियर में मैंने कई प्रस्ताव इसलिए ठुकराए, क्योंकि कहानी या पात्र से जुड़ाव महसूस नहीं हुआ। ऐसे निर्णय आसान नहीं होते। मेरे लिए एक महिला का अपनी बात कह पाना भी शक्ति है। वहीं, धारावाहिक हस्तिनापुर के वीर में कुंती की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री तोरल रासपुत्र कहती हैं, 'मेरे लिए शक्ति का मतलब सिर्फ दूसरों के सामने मजबूत दिखना नहीं है, बल्कि खुद के प्रति ईमानदार रहना भी है। सही जगह पर न कहना, अपनी बात और अपनी सीमाओं को सम्मान के साथ रखना और जब जरूरत हो तो खुद के लिए खड़े होना, मेरे लिए यही असली शक्ति है।' तोरल ने कहा, 'इस शक्ति का एहसास मुझे तब हुआ जब मैंने समझा कि हर किसी को खुश करना संभव नहीं है और ऐसा करना जरूरी भी नहीं है।

गुल्लू की टिप्पणी से आम्रपाली की बहन हुईं नाराज

नई दिल्ली। सलमान खान का टीवी शो 'बिग बॉस 20' इन दिनों चर्चा में है। इसमें आए दिन कुछ ना कुछ विवादित हो रहा है। ताजा मामला आम्रपाली दुबे से जुड़ा है। एक टास्क के दौरान भोजपुरी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे पर गुल्लू की टिप्पणी की वजह विवाद हो गया। इस पर उनके परिवार ने आलोचना की है। प्रतिभागियों के बीच विवाद तब और बढ़ गया जब गुल्लू ने आम्रपाली और लव गिल को 'मोटू-पतलू' कहा। गुल्लू की टिप्पणी पर आम्रपाली की बहन आंचल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सवाल उठाया कि नेशनल टेलीविजन पर लड़ाई के दौरान बॉडी शेमिंग का इस्तेमाल करना कितना सही है। ताजा विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए, आंचल ने अपनी बहन के बारे में ऐसी बातें कहने के लिए गुल्लू और माही विज की आलोचना की। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति के लुक या शरीर की बनावट का मजाक कभी नहीं उड़ाया जाना चाहिए, चाहे झगड़ा ही क्यों न हो।



दुनिया की पहली एआई हॉरर फिल्म जमलोक का पोस्टर जारी

नई दिल्ली। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से फिल्म निर्माण अब बॉलीवुड की फीचर फिल्मों तक पहुंच रहा है। एआई फिल्म निर्माण कंपनी कोयल और फिल्म प्रोडक्शन हाउस वेवबैंड प्रोडक्शन ने दुनिया की पहली एआई हॉरर फिल्म 'जमलोक' बनाने के लिए हाथ मिलाया है। दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित 'अनकैनी इंडिया' फेस्टिवल में फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया गया। फिल्म में एआई तकनीक और वास्तविक कलाकारों के अभिनय का इस्तेमाल किया जाएगा। कोयल के सह-संस्थापक और सीईओ मेहुल अग्रवाल ने कहा कि यह दुनिया की पहली एआई हॉरर फिल्म होगी. उन्होंने बताया कि फिल्म में भावनात्मक सीन्स के लिए वास्तविक कलाकारों के अभिनय का इस्तेमाल किया जाएगा, जबकि बैकग्राउंड, सेट, अतिरिक्त किरदारों, अन्य विजुअल सामग्री और कॉस्ट्यूम तैयार करने में




एआई की अहम भूमिका होगी। निर्माण के दौरान कलाकारों की शक्ल-सूरत का इस्तेमाल भी AI तकनीक के जरिए किया जाएगा। पोस्टर लॉन्च के मौके पर वेवबैंड प्रोडक्शन के अमर झुनझुनवाला और कंपनी की सह-संस्थापक शिखा करण अहलूवालिया भी मौजूद रहे। अनकैनी इंडिया' भारत में आयोजित कोयल के 'अनकैनी वैली फेस्ट' का पहला संस्करण था। इसमें फिल्म निर्माता, कंटेंट क्रिएटर, छात्र और टेक्नोलॉजी क्षेत्र से जुड़े पेशेवर शामिल हुए।

नीता संग रणवीर ने जमकर किया गरबा, नवरात्रि के रंग में रंगे एक्टर

'स्वदेश' की पहली सालगिरह के मौके पर 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह ने नीता अंबानी के साथ जमकर गरबा किया। नवरात्रि की एक रात पहले हुए इसी इवेंट का एक वीडियो ऑनलाइन वायरल हो रहा है। अंबानी परिवार ने 'स्वदेश' की पहली सालगिरह एक इवेंट के तौर पर मनाई, जिसमें कई जाने-माने चेहरे शामिल हुए। इस जश्न की शाम का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें नीता अंबानी अपनी बेटी ईशा और रणवीर सिंह के साथ गरबा करते दिख रही हैं।

मुंबई। दो बेटियों के सुपरस्टार पिता रणवीर सिंह 'धुरंधर 2' की रिलीज के बाद से ही बहुत कम पब्लिक में नजर आए हैं। हालांकि, शनिवार शाम 10 अक्टूबर को रणवीर मुंबई में 'स्वदेश इरोस' की पहली सालगिरह के जश्न में शामिल हुए। रिलायंस फाउंडेशन के इस खास आर्ट और क्राफ्ट स्टोर ने नवरात्रि की एक रात पहले देवी शक्ति का सम्मान करते हुए एक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसकी मेजबानी नीता अंबानी ने की। अब इस जश्न का एक इनसाइड वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें रणवीर सिंह और नीता अंबानी साथ में गरबा करते हुए नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो में रणवीर नवरात्रि के जश्न में जमकर गरबा करते नजर आ रहे हैं। वहीं नीता अंबानी



भी उनके साथ इस उत्सव का आनंद लेती दिखीं। उनके खुशमिजाज पलों ने फैंस का ध्यान खींचा है, क्योंकि नौ दिन तक चलने वाला यह त्योहार रविवार 11 अक्टूबर को शुरू हुआ और मंगलवार 20 अक्टूबर को दशहरा के साथ इसका समापन होगा। दीपिका पादुकोण के साथ अपनी अपनी दूसरी बेटी का स्वागत करने वाले एक्टर रणवीर ने गुलाबी एथनिक कपड़ों में शानदार एंट्री की। उन्होंने फ्लोरल-एम्ब्रॉयडरी वाली जैकेट के साथ मैचिंग कुर्ता और व्हाइट बॉटम पहना था। उन्होंने टिंटेड सनग्लासेस और अपने सिग्नेचर डायमंड स्टड्स के साथ अपना लुक पूरा किया, जिससे उनके फेस्टिव आउटफिट को एक शाही अंदाज मिला।

'चलो बुलावा आया है' से 'मन तेरा मंदिर' तक

मां दुर्गा के ये गाने जो बना देंगे त्योहार को बेहद खास

नई दिल्ली। नवरात्रि प्रार्थना, भक्ति और उत्सव का समय है, जब भक्त मां दुर्गा की पूजा और भक्ति करते हैं। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ-साथ, भक्ति गीत और भजन भी उत्सव में अहम भूमिका निभाते हैं, जिससे घरों, मंदिरों और सामुदायिक पंडालों में आध्यात्मिक माहौल बन जाता है। नरेंद्र चंचल की दमदार आवाज से लेकर सदाबहार बॉलीवुड भक्ति गीतों और पारंपरिक संस्कृत मंत्रों तक, देवी को समर्पित संगीत पीढ़ियों से नवरात्रि उत्सव का एक अहम हिस्सा रहा है। चाहे वह 'चलो बुलावा आया है' की जानी-पहचानी पुकार हो, 'अम्बे तू है जगदम्बे काली' की भक्ति-भावना हो या 'अयिगिरि नंदिनी' के जोश भरे बोल हों, ये गाने भक्तों को त्योहार की भावना से जोड़ते हैं।

चलो बुलावा आया है

माता की पूजा से जुड़े मशहूर भक्ति गीतों में से एक'चलो बुलावा आया है', दशकों से भक्तों का पसंदीदा रहा है। यह गाना गायक नरेंद्र चंचल ने गाया है, जिनकी दमदार और भावपूर्ण आवाज ने माता के भजनों को भक्ति-सभाओं का एक जाना-पहचाना हिस्सा बना दिया. इसके बोल देवी के दर्शन के लिए दैवीय निमंत्रण मिलने का एहसास कराते हैं, जिससे यह जागरण, मंदिर की सभाओं और त्योहार की प्रार्थनाओं के दौरान बहुत लोकप्रिय हो जाता है। कई भक्तों के लिए यह गाना भक्त और मां दुर्गा के बीच के भावनात्मक जुड़ाव को दर्शाता है।

हे नाम रे, सबसे बड़ा तेरा नाम, ओ शेरोंवाली

हमेशा लोकप्रिय रहने वाला भक्ति गीत 'हे नाम रे, सबसे बड़ा तेरा नाम, ओ शेरोंवाली' नवरात्रि उत्सव के दौरान खूब सुना जाता है। हिंदी फिल्म 'सुहाग' (1979) का यह गाना अमिताभ बच्चन और रेखा पर फिल्माया गया है और इसमें देवी की शक्ति और महिमा का गुणगान किया गया है। इसकी जोशीली धुन और यादगार मुखड़ा त्योहारों पर खूब बजाया जाता है। यह गाना उन लोगों को बहुत पसंद आता है जो नवरात्रि के दौरान क्लासिक हिंदी फिल्मी संगीत सुनना पसंद करते हैं।



मन तेरा मंदिर

'मन तेरा मंदिर, आंखें दिया-बाती' 1978 की फिल्म 'भक्ति में शक्ति' का एक भक्ति गीत है। महेंद्र कपूर और दिलराज कौर द्वारा गाए गए इस गाने में ईश्वर के प्रति श्रद्धा और समर्पण दिखाने के लिए मंदिर और जलते हुए दीपक की कल्पना की गई है। यह गाना क्लासिक हिंदी फिल्मी भजनों की सदाबहार लोकप्रियता को भी दर्शाता है, जिनमें अक्सर आसान धुनों के साथ गहरे आध्यात्मिक विषयों का मेल होता था।

मां तेरे दरबार

देवी के दरबार की महिमा का गुणगान करने वाले भक्ति गीत माता के भजनों की परंपरा में एक खास जगह रखते हैं। 'मां तेरे दरबार' गाना भक्तों द्वारा देवी का आशीर्वाद, सुकून और सुरक्षा पाने की भावना से जुड़ा है।

मैं बालक तू माता

'मैं बालक तू माता' का भक्तिपूर्ण भाव एक भक्त और देवी के बीच के उस रिश्ते को दिखाता है, जिसमें बच्चा मां की ममता और देखभाल चाहता है। इसमें भरोसा, समर्पण और बिना शर्त प्यार का संदेश है, जो इसे नवरात्रि की प्रार्थनाओं के लिए बहुत खास है। यह गाना कई सालों से अलग-अलग भक्तिपूर्ण रूपों में गाया जाता रहा है। सुनने वाले अपनी पसंद के हिसाब से इसका पारंपरिक वर्शन या आज के समय की रिकॉर्डिंग चुन सकते हैं।

मैया तेरी जय-जयकार

मां दुर्गा की जीत और महिमा का गुणगान करने वाले गाने नवरात्रि की खास पहचान हैं। 'मैया तेरी जय-जयकार' अपनी भक्तिपूर्ण स्तुति और उत्सव के माहौल के जरिए इसी भावना को दिखाता है।

खबर संक्षेप



फगुरम। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति जवाहर चौक फगुरम में विराजी मां दुर्गा। पूजा अर्चना के बाद भजन-कीर्तन करते श्रद्धालु।

इंदिरा गांधी कॉलेज के स्वयंसेवकों ने मंदिर परिसर में चलाया सफाई अभियान



राहौद। इंदिरा गांधी कला एवं विज्ञान महाविद्यालय राहौद के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत के तहत राहौद स्थिति श्री सिद्ध बाबा मंदिर परिसर की स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वंयसेवकों ने पालीथीन, डंप कचरे को व्यवस्थित तरीके से निपटान किया। वहीं आम जनता को स्वच्छता को अपने जीवन के अपनाने और स्वच्छ वातावरण का निर्माण करने की संदेश दिया। इस अवसर पर रा.से.यो. के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. डी के साहु , प्रो.आर पी कश्यप , प्रो . पी सी देवांगन सर,प्रो. एस परवीन , प्रो. थानू कश्यप , किशोर एवं रासेयो इकाई के स्वयंसेवक बृजेश, गौतम, भानु, चंद्रकांत, लक्षण, सत्यप्रकाश, साक्षी, लता, प्रज्ञा, अंजली, अंजू , वंदना, सिखा, संजना, लभांशी, , साक्षी, खुशी, प्रज्ञा,आरती, गीतांजलि, मनीषा , गोपीकिशन, जितेन्द्र,पंकज,रोशन ,आशीष, देवेंद्र,दीपक, टूमेश, अमन उपस्थित थे।

भारत राईस मिल में भंडारा प्रसाद कल

नैला-जांजगीर। श्रीमद्भागवत कथा एवं गया जी पितृ यज्ञ महोत्सव के आयोजन के पश्चात श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के साथ भारत राइस मिल, नैला में बुधवार 14 अक्टूबर को भंडारा प्रसाद का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर दोपहर 12:15 बजे से श्रद्धालुओं को भंडारा प्रसाद वितरित किया जाएगा। धार्मिक आयोजनों में भंडारा सेवा और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सहभागिता और आपसी सद्भाव की भावना भी मजबूत होती है। बसईवाल परिवार ने सभी श्रद्धालुओं से निर्धारित समय पर भारत राइस मिल, नैला पहुंचकर भंडारा प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि भारत राईस मिल परिसर में 13 से 20 सितंबर तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया था। कथा वाचक गोस्वामी गोविंद बाबा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया था।

ज्ञानोदय विद्यालय में पेरेंट्स-टीचर मीटिंग आयोजित



जांजगीर-चांपा। ज्ञानोदय विद्यालय जांजगीर में विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा एवं विद्यालय तथा अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से पेरेंट्स-टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों द्वारा प्रत्येक विद्यार्थी की तीन माह की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं अन्य विद्यालयीन गतिविधियों में प्रगति से अभिभावकों को विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। बैठक के दौरान अभिभावकों को विद्यार्थियों की त्रैमासिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का अवलोकन कराया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों द्वारा परीक्षा में किए गए प्रदर्शन, उनकी विषयवार उपलब्धियों तथा जिन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है, उसके संबंध में अभिभावकों से चर्चा की। साथ ही विद्यार्थियों की नियमित विद्यालय उपस्थिति, गृह कार्य, कक्षा कार्य, अनुशासन एवं अध्ययन के प्रति उनकी रुचि के बारे में भी जानकारी दी गई। विद्यालय की ओर से विद्यार्थियों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान दिए जाने की जानकारी अभिभावकों को दी गई। विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय में समय-समय पर आयोजित की जाने वाली रचनात्मक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, खेलकूद एवं अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उनकी सहभागिता और प्रदर्शन पर भी प्रकाश डाला गया। शिक्षकों ने बताया कि इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, रचनात्मक सोच एवं सामाजिक व्यवहार जैसे गुणों का विकास करने का प्रयास किया जा रहा है। पी टी एम के दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों से विद्यार्थियों की घर पर पढ़ाई की दिनचर्या, गृह कार्य पूर्ण करने की आदत तथा अध्ययन के प्रति उनके व्यवहार के संबंध में भी संवाद किया। विद्यालय के संचालक डॉ. सुरेश यादव ने कहा कि विद्यार्थी की सफलता के लिए विद्यालय, शिक्षक और अभिभावक—तीनों के बीच निरंतर संवाद एवं सहयोग आवश्यक है। पेरेंट्स-टीचर मीटिंग इसी उद्देश्य की एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों की प्रगति का मूल्यांकन करने के साथ-साथ उनकी कमियों को पहचानकर समय रहते सुधारात्मक प्रयास किए जा सकते हैं।

ग्राम पंचायत सिलादेही का मामला, पाइप लाइन भी अधूरी, ग्रामीणों में बढ़ रहा आक्रोश

करोड़ों की नल-जल योजना बनी शोपीस दो साल बाद भी पानी को तरस रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलादेही में करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई पानी टंकी आज भी ग्रामीणों के लिए किसी काम की साबित नहीं हो रही है। टंकी निर्माण के दो वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद गांव के अधिकांश घरों तक न तो नियमित पानी पहुंच पा रहा है, और न ही योजना का कार्य पूरी तरह पूरा किया गया है। करोड़ का पानी टंकी कौड़ी काम का नहीं है।

जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलादेही में बना हर घर नल जल योजना के तहत करोड रुपए खर्च कर 2 वर्ष पूर्व नए पानी टंकी का निर्माण किया गया है। लेकिन यहां पर प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी हर घर नल-जल योजना अधिकारियों और ठेकेदारों की लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई पानी टंकी आज भी ग्रामीणों के लिए किसी काम की साबित नहीं हो रही है। टंकी निर्माण के दो वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद गांव के अधिकांश घरों तक न तो नियमित पानी पहुंच पा रहा है, और न ही योजना का कार्य पूरी तरह पूरा किया गया है। नल जल योजना के तहत बनाया गया करोड़ का पानी टंकी कौड़ी काम का नहीं है। यह केवल सफेद हाथी साबित हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि योजना के तहत गांव में पानी टंकी का निर्माण तो कर दिया गया, लेकिन पाइपलाइन बिछाने का कार्य आज भी अधूरा पड़ा है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि टंकी में पानी भरने और आपूर्ति शुरू करने की कोई स्थायी व्यवस्था तक नहीं की गई है। परिणामस्वरूप करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित यह परियोजना केवल दिखावे की वस्तु बनकर रह गई है। ग्रामीणों का कहना है कि योजना शुरू होने पर उन्हें उम्मीद थी कि वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का समाधान होगा और घर-घर स्वच्छ पानी पहुंचेगा। लेकिन जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के कारण उनकी उम्मीदें टूट गई हैं। गर्मी के दिनों में गांव के तालाब सूखने लगते हैं। भूजल स्तर नीचे चला जाता है और हैंडपंप व बोरवेल जवाब देने लगते हैं। ऐसे समय में नल-जल योजना ही ग्रामीणों का सहारा बन सकती थी, लेकिन योजना शुरू नहीं होने से लोगों को बेवजह भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामवासियों ने बताया कि सिलादेही ही नहीं, आसपास के कई गांवों में भी नल-जल योजना अधूरी पड़ी हुई है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद ग्रामीणों को इसका वास्तविक लाभ नहीं मिल पा रहा है। इससे सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और निगरानी व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस संबंध में ग्राम पंचायत सिलादेही की सरपंच श्रीमती संतोषी पटेल का कहना है कि नल-जल योजना का कार्य पूरी तरह पूर्ण नहीं हुआ है। गांव के सभी घरों में पानी की सप्लाई सुनिश्चित नहीं हो पाई है। इसी कारण पंचायत द्वारा अभी तक योजना को हैंडओवर नहीं लिया गया है। संबंधित एजेंसी से अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए कहा गया है।



ग्राम पंचायत सिलादेही में बनी पानी टंकी।

ग्रामीणों ने की जांच और कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नल-जल योजना के अधूरे कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि यदि जल्द पानी आपूर्ति शुरू नहीं की गई तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करने और आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

विपरीत परिस्थितियों से आगे बढ़ने पर जरूर मिलती है सफलता : तोमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



कार्यक्रम को संबोधित करते युवा आयोग के अध्यक्ष।

- युवा उड़ान-में युवाओं को लक्ष्य, अनुशासन और निरंतर मेहनत के साथ आगे बढ़ने का संदेश, उत्कृष्ट खिलाड़ियों का सम्मान

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकसित भारत एवं विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सक्ती में युवा उड़ान-2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान युवाओं की प्रतिभा, नवाचार, शिक्षा, रोजगार, खेल एवं कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर उन्हें अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और क्षमता देश एवं प्रदेश के विकास की महत्वपूर्ण शक्ति है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों से आगे बढ़ने पर सफलता जरूर मिलती है। प्रत्येक युवा और बच्चे की परिस्थितियां अलग-अलग होती हैं, लेकिन अपनी परिस्थितियों से ऊपर उठकर आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि संघर्ष, मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। असफलताओं से निराश होने के बजाय उनसे सीख लें तथा अपने समय और ऊर्जा का सदुपयोग करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पढ़ाई के साथ खेलों के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं। युवा अपनी रुचि और प्रतिभा के अनुरूप क्षेत्र का चयन कर मेहनत एवं अभ्यास के माध्यम से बेहतर भविष्य बना सकते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुए इसके सकारात्मक एवं जिम्मेदार उपयोग पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान युवा आयोग अध्यक्ष ने युवाओं से सीधे संवाद कर उनकी रुचियों, चुनौतियों और आकांक्षाओं के बारे में जानकारी ली। शिक्षा, रोजगार, खेल, कौशल विकास, नवाचार तथा स्थानीय समस्याओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर युवाओं के विचार और सुझाव आमंत्रित किए गए। कार्यक्रम में युवाओं को करियर मार्गदर्शन से संबंधित पुस्तकों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती द्रौपती कीर्तन चंद्रा, पूर्व विधायक डॉ. खिलावन साहू, टिकेश्वर गबेल, अभिषेक शर्मा, जिला पंचायत सक्ती के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन, डिप्टी कलेक्टर प्रीतेश राजपूत सहित अधिकारी, युवा और नागरिक उपस्थित रहे।

अकलतरा में धूमधाम से मनाई गई अग्रसेन जयंती, निकली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

श्री अग्रवाल समाज, अकलतरा के तत्वावधान में भगवान अग्रसेन महाराज की जयंती श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में सहभागिता निभाई। विभिन्न स्थानों पर नगरवासियों ने शोभायात्रा का स्वागत किया।

- नवचयनित आईएएस वैभवी अग्रवाल का हुआ सम्मान, डॉ. अनीता अग्रवाल रहीं मुख्य अतिथि

समारोह में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन की क्रांति महिला अध्यक्ष डॉ. अनीता अग्रवाल मुख्य अतिथि रहीं, जबकि यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2025 में ऑल इंडिया 35वीं रैंक प्राप्त करने वाली वैभवी अग्रवाल, रायपुर ने अध्यक्षता की। समारोह की स्वागत अध्यक्ष राखी अग्रवाल तथा श्री अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष विजय केडिया सहित समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रसेन चौक पर भगवान अग्रसेन महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद निकली शोभायात्रा ब्लॉक ऑफिस रोड, अंबेडकर चौक, आजाद चौक, पोस्ट ऑफिस मार्ग, शास्त्री चौक, सब्जी मंडी रोड तथा भगवान परशुराम मार्ग से होते हुए जानकीलाल लिखमानिया धर्मशाला पहुंची। शोभायात्रा में डीजे और बैंड की धुनों के बीच समाजजनों का उत्साह देखते ही बन रहा था। समारोह के माध्यम से भगवान अग्रसेन महाराज के सामाजिक समरसता, समानता, परोपकार और जनकल्याण के आदर्शों को आत्मसात करने का संदेश दिया गया। आयोजन ने सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति समाज की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। श्री अग्रवाल समाज, अकलतरा द्वारा आयोजित भगवान अग्रसेन जयंती समारोह की अध्यक्षता रायपुर की वैभवी अग्रवाल ने की। वैभवी ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2025 में ऑल इंडिया 35वीं रैंक हासिल कर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वैभवी अग्रवाल ने कहा कि जीवन में बीता हुआ समय कभी लौटकर वापस नहीं आता। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को अपने समय का महत्व समझना चाहिए और उसका बेहतर प्रबंधन करना चाहिए। जीवन में आगे बढ़ने तथा सफलता प्राप्त करने के लिए सबसे पहले एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है। लक्ष्य निर्धारित करने के बाद पूरी निष्ठा, लगन और समर्पण के साथ उसकी दिशा में निरंतर आगे बढ़ना चाहिए।उन्होंने कहा कि जीवन में कोई भी कार्य असंभव नहीं होता। किसी कार्य को पूरा करने के लिए मेहनत, धैर्य, अनुशासन और निरंतर प्रयास की आवश्यकता होती है। यदि विद्यार्थी पूरे मन से मेहनत करते हैं और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहते हैं, तो सफलता प्राप्त करने की संभावनाएं निश्चित रूप से बढ़ जाती हैं।वैभवी अग्रवाल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता केवल प्रतिभा पर निर्भर नहीं करती, बल्कि नियमित अभ्यास, सही दिशा में किए गए प्रयास और स्वयं पर विश्वास भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं को पहचानते हुए आगे बढ़ना चाहिए और कठिनाइयों से घबराने के बजाय उनका सामना करने का प्रयास करना चाहिए।



शोभा यात्रा में शामिल अग्रवाल समाज के लोग।

महामंडलेश्वर राजेश्री रामसुंदर दास ने मां भगवती मंदिर में किए दर्शन-पूजन



नवागढ़। शारदीय नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर महामंडलेश्वर राजेश्री रामसुंदर दास महाराज नवागढ़ स्थित मां देवी भगवती मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने मां भगवती के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं मंगलमय जीवन के लिए मां भगवती से प्रार्थना की। नवरात्रि के पावन पर्व पर मंदिर में माता रानी के दर्शन-पूजन को लेकर श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है। महामंडलेश्वर राजेश्री रामसुंदर दास महाराज ने मां भगवती के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए क्षेत्र की सुख-शांति और जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर उनके सहयोगी ठाकुर प्रमोद सिंह, कमलेश सिंह, बसंत सिंह पंवार, दिलदार खान, संतोष साहू, निर्मलदास वैष्णव, तेरसराम साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नपाध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की आईसेक्ट कौशल विकास यात्रा

चांपा। शिक्षा एवं कौशल विकास के प्रति विद्यार्थियों और युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आईसेक्ट द्वारा आयोजित कौशल विकास यात्रा सोमवार 12 अक्टूबर को चांपा पहुंची। इस अवसर पर नगरपालिका परिषद चांपा के अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने कौशल यात्रा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान आईसेक्ट कंप्यूटर कोरवा पारा चांपा तथा छत्तीसगढ़ वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर में जागरूकता एवं विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को करियर के विकल्पों, व्यावहारिक कौशल, नई तकनीकों और भविष्य में रोजगार की संभावनाओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में आईसेक्ट के क्षेत्रीय प्रबंधक अरुण साहू ने कहा कि कौशल विकास यात्रा केवल शैक्षणिक अभियान नहीं, बल्कि युवाओं को भविष्य की तकनीकों और रोजगारोन्मुख अवसरों से जोड़ने की महत्वपूर्ण पहल है। आईसेक्ट के जिला प्रबंधक मूलचन्द गुप्ता ने संस्था की 41 वर्षों की यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि बदलते तकनीकी परिदृश्य में स्वयं को अपडेट करना जरूरी है। नगरपालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने कहा कि एआई लिटरेसी मिशन और कौशल विकास यात्रा विद्यार्थियों को नई तकनीकों को समझने, करियर की संभावनाएं तलाशने तथा भविष्य के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने में मार्गदर्शन प्रदान करेगी।



भगवान की दिव्य शक्ति से प्रकट होती है भक्ति : आचार्य पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनारी-जांजगीर

ग्राम बनारी स्थित मनका दाई मंदिर में नवरात्रि पर्व के अवसर पर देवी भागवत कथा का भव्य आयोजन शुरू हुआ। पहले दिन व्यास आचार्य मनोज कुमार पांडे ने माता रानी की महिमा और भगवान की दिव्य शक्ति पर कथा सुनाई। कथा सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

- बनारी के मनका दाई मंदिर में नवरात्रि पर देवी भागवत कथा का शुभारंभ, पहले दिन भगवान की दिव्य शक्ति का किया वर्णन

कथा में आचार्य पांडे ने कहा कि जो सत्व, रज और तम इन तीन गुणों से परे है, वही भगवान की शुद्ध प्रकृति है। यही भगवान का अपना सच्चिदानंद घन स्वरूप है। इसी को शास्त्रों में संधिनी शक्ति, संवित शक्ति और आह्लादिनी शक्ति कहा गया है। इसी को चिन्मय शक्ति और कृपा शक्ति के नाम से जाना जाता है। श्रीराधा और श्रीसीता भी इसी शक्ति का रूप हैं। जीव को भगवान तक पहुंचाने वाली भक्ति और ब्रह्मविद्या भी यही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि जैसे अग्नि में दो शक्तियां होती हैं - प्रकाशिका जो अंधकार दूर कर प्रकाश देती है और भय मिटाती है, और दाहिका जो जलाती है, पकाती है और ठंडक दूर करती है। ये दोनों शक्तियां अग्नि से अलग भी नहीं और एक भी नहीं हैं। अलग इसलिए नहीं क्योंकि वे अग्नि स्वरूप ही हैं, एक इसलिए नहीं क्योंकि मंत्र और औषधि से अग्नि की दाहिका शक्ति को रोका जा सकता है। वैसे ही भगवान की शक्ति को भी भगवान से भिन्न और अभिन्न नहीं कह सकते। आचार्य ने कहा कि जैसे दियासलाई में अग्नि सदा रहती है पर उसकी शक्तियां छिपी रहती हैं, वैसे ही भगवान सब जगह रहते हुए भी सबसे अलग हैं। भगवान सामान्य रूप से कुछ नहीं करते, जब करते हैं तो अपनी दिव्य शक्ति के साथ करते हैं।



भागवत भगवान की आरती करते श्रद्धालु। इंसेट में आचार्य मनोज पांडेय

अकलतरा के तीन प्रमुख चौक-चौराहों पर लगीं हाई मास्ट लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के प्रमुख चौक-चौराहों को रोशन करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए 11 अक्टूबर को जेएसडब्ल्यू महानदी पावर कंपनी के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व मद से शास्त्री चौक, अंबेडकर चौक एवं महाराणा प्रताप चौक में हाई मास्ट लाइटें स्थापित की गईं। यह कार्य छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष एवं अकलतरा के पूर्व विधायक सौरभ सिंह की अनुशंसा पर संपन्न हुआ।

- नवरात्रि पर नगरवासियों को मिली सौगात, पूर्व विधायक सौरभ सिंह की अनुशंसा पर स्थापित की गई लाइटें

हाई मास्ट लाइटें लगने से प्रमुख चौक-चौराहों पर प्रकाश व्यवस्था बेहतर होगी। इससे रात्रि में आवागमन करने वाले नागरिकों, श्रद्धालुओं, व्यापारियों एवं स्थानीय निवासियों को सुविधा मिलेगी। साथ ही सार्वजनिक स्थलों की सुंदरता में भी वृद्धि होगी। छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा कि नगर के शास्त्री चौक, अंबेडकर चौक एवं महाराणा प्रताप चौक में हाई मास्ट लाइट लगने से ये प्रमुख स्थल दूधिया रोशनी से जगमगाएंगे। इससे रात्रि के समय नगरवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और चौक-चौराहों पर बेहतर प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के पश्चात लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। सरकार का प्रयास है कि विकास योजनाओं और विभिन्न जनहितकारी पहलों के माध्यम से आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हों। नगरों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार विकास की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। सौरभ सिंह ने नगरवासियों से जागरूक होकर शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ, सुंदर और हरा-भरा बनाए रखने में प्रत्येक नागरिक को अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष समीर शुक्ला, भाजपा नगर मंडल महामंत्री सुमित सिंह चंदेल,मुरलीधर मिश्रा, रुक्मणी वैष्णव, सुरेश मिर्चनय, एल्डरमैन प्रशांत सिंह बैस, राजेश्वर पाटले, उमाकांत भारते, नवल सिंह, आशीष प्रसाद, सुनील सिंह, डॉ. विवेक सिंह बैस, संतन सिन्हा, नानक रोहरा, सुशील जैन, रजनीश गुप्ता, रोहित अग्रवाल, संदीप सिंह बैस, अनिरुद्ध सिंह, जितेंद्र सारथी, शेर खान, चंदन शर्मा, पवन शर्मा,दीपक नागदेव सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे।



फीता काटकर लोकार्पण करते सौरभ सिंह।

